हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 5 जून, 2025

11 राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी के विद्यार्थियों ...


12 स्वच्छ पेयजल की सप्लाई नहीं की तो कार्यालय ...




## खबर संक्षेप

### झूठी सूचना देने के मामले में शिकायतकर्ता गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस भिवानी ने शिकायतकर्ता के द्वारा अपराध की झूठी सूचना देने वह खुद फायर करने के मामले में शिकायतकर्ता को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। राजेश उर्फ राजू निवासी मानहेरू ने थाना सदर पुलिस भिवानी को अपने ऊपर गोली चलाने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना सदर भिवानी के सहायक उप निरीक्षक प्रवेश कुमार ने पुलिस को अपराध की झूठी सूचना देने और खुद फायर करने के मामले में शिकायतकर्ता राजेश निवासी मानहेरू जिला भिवानी को गिरफ्तार कर लिया है।

### बिजली पेंशनर्ज की मासिक बैठक कल

**भिवानी।** नेहरू पार्क में हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक छह जून को प्रातः 10 बजे रणबीर सिंह कोटिया की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला प्रधान बालमुकंद बापोड़ा व जिला महासचिव आरके चावला ने संयुक्त रूप से बताया कि बैठक में भाग लेने वाले सभी पेंशनर्ज अपनी शिकायत लिखित में लेकर आएं, ताकि अधिकारियों से मुलाकात कर उनका समाधान करवाया जा सके। उन्होंने बिजली निगम से सेवानिवृत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे मासिक बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें ताकि पेंशनर्ज की सभी समस्याओं का समाधान करवाया जा सके।

### 359 ग्राम अफीम सहित युवक किया गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने रानीला-सांजरवास रोड़ 152 डी पुल के नीचे से 359 ग्राम अफीम के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि रानीला निवासी दीपक नशीला पदार्थ अफीम बेचने का कार्य करता है। सूचना के बाद एएसआई रणबीर सिंह ने उच्च अधिकारियों को अवगत करवाकर पुलिस टीम दबिश दी। जहां काले रंग की लोवर व टीशर्ट पहने एक युवक खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगा, लेकिन उसको काबू कर लिया गया। आरोपी की पहचान रानीला निवासी दीपक के रूप में हुई। तलाशी लेने पर 359 ग्राम अफीम बरामद हुई।

### व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार

**लोहारू।** पुलिस डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने व्यक्ति को मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के इंचार्ज उप निरीक्षक अजय कुमार टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बडेसरा मोड धनाना मौजूद थे। जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी गांव बडेसरा में व्यक्ति किरयाणा की दुकान के आगे मादक पदार्थ चरस बेच रहा है। पुलिस टीम के द्वारा बताए गए स्थान पर रेड करके व्यक्ति को मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बलजीत निवासी बड़ेसरा जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### योजना का लाभ लेने के मामले में आरोपी दबोचा

**भिवानी।** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा भिवानी ने भावांतर भरपाई योजना का धोखाधड़ी से लाभ लेने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संदीप व सुरेंद्र निवासी झूल्ली ने थाना तोशाम पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता के द्वारा पुलिस को बताया गया कि भावांतर भरपाई योजना स्कीम के तहत उनकी जमीन के ऊपर आरोपियों के द्वारा अन्य व्यक्तियों का ब्योरा देकर धोखाधड़ी से भावांतर भरपाई योजना का लाभ लिया गया है। इसी मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान बिट्टू पुत्र रामचंद्र निवासी जूई खुर्द जिला भिवानी के रूप में हुई है।

# उपायुक्त ने रात को किया सीवर लाइन सफाई कार्य का निरीक्षण

## सुपर सकर मशीन द्वारा किए जा रहे सफाई कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

अधिकारियों ने बताया कि विभाग के तहत आने बरसाती नालों की सफाई का कार्य करीब 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। 15 जून तक नालों की सफाई का कार्य संपन्न कर दिया जाएगा।



**भिवानी।** सीवर लाइन का निरीक्षण करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने मंगलवार की देर रात शहर में दादरी गेट क्षेत्र के सर्कुलर रोड पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सुपर शकर मशीन से की जा रही है। सीवर लाइन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को सीवर लाइन की सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि नालों से निकाली जा रही गाद को जल्दी से जल्दी सडक़ के किनारों से उठाया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी ना हो और गाद वापिस नालों में ना जाए। इसी प्रकार से उन्होंने निर्देश दिए कि सुपर शकर मशीन द्वारा की जा रही सीवर लाइन की सफाई कार्यो में और अधिक तेजी लाई जाए ताकि मानसून से पहले अधिक से अधिक सीवर लाइन की सफाई हो सके। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन साफ होने पर ही पानी की निर्बाध रूप से निकासी हो पाएगी।

**करीब डेढ़ किलोमीटर की हो चुकी है सफाई:** इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने डीसी को बताया कि सुपर सकर मशीन द्वारा सर्कुलर रोड पर करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी लाइन की सफाई की जा चुकी है। विभाग द्वारा फैंसी चौक से ढाणा रोड़ तक नाले की सफाई करवाई गई है। इसी प्रकार के सब्जी मंडी से विकास नगर में जाने वाले नाले की, एमसी कॉलोनी से विकास नगर क्षेत्र में भी सफाई करवाई गई है। उन्होंने बताया कि लोहारू रोड़ आरओबी से एसटीपी को जाने वाले नाले की सफाई का कार्य चल रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि उनके विभाग के तहत आने बरसाती नालों की सफाई का कार्य करीब 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। 15 जून तक नालों की सफाई का कार्य संपन्न कर दिया जाएगा। सुपर शकर मशीन द्वारा सीवर लाइन की सफाई का कार्य अभी चालू है, जो कुछ दिन चलेगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़ एसडीओ सूरज प्रकाश जैन और जेई आशीष कुमार मौजूद रहे।



**बवानीखेड़ा।** सरकार और हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आदर्श गाँव लोहारी जाटू के सबसे सीनियर फुटबॉल खिलाड़ी सूबेदार नेपाल सिंह तंवर को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# लोहारी जाटू के लिजेंड फुटबॉल खिलाड़ी को मिला सम्मान

■ युवा बच्चों को बारीकी से नि :शुल्क फुटबॉल के गुर सिखा रहे हैं सूबेदार नेपाल सिंह तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

हरियाणा सरकार और हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला भिवानी के प्रसिद्ध आदर्श गाँव लोहारी जाटू के सबसे सीनियर फुटबॉल खिलाड़ी सूबेदार नेपाल सिंह तंवर को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह फरीदाबाद में आयोजित हुए कार्यक्रम में हरियाणा फुटबॉल संघ अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू, केंद्रीय मंत्री विपुल गोयल, भारतीय फुटबॉल संघ अध्यक्ष कल्याण चौबे, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, हरियाणा फुटबॉल संघ सचिव शैफाली नागल द्वारा सम्मानित किया गया, नेपाल सिंह तंवर युवा अवस्था काल में क्षेत्र से निकल कर राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे और भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर देश की रक्षा की जिम्मेदारी निभाई, वर्तमान में सूबेदार नेपाल कुशल फुटबॉल कोच के रूप में गाँव जाटू लोहारी व आसपास के क्षेत्र के युवा बच्चों को बारीकी से निःशुल्क रूप से फुटबॉल खेल के गुर सिखा रहे हैं।

# 2, 30,000 चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की घंटाघर शाखा के प्रबंधक ने दर्ज करवाई थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एटीएम से धोखाधड़ी करके लाखों रुपए निकालने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की घंटाघर शाखा के प्रबंधक ने थाना शहर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता के द्वारा पुलिस को बताया गया था कि 15 जून 2021 और 16 जून 2021 को उनके एसबीआई के एटीएम मशीन से आरोपियों के द्वारा टेक्निकल छेड़छाड़ करके कुल 2,30,000 रुपए की धोखाधड़ी करके रुपए चोरी किए गए हैं। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना शहर भिवानी में दर्ज किया था। थाना साईबर क्राइम भिवानी की महिला मुख्य सिपाही सोनिया ने एटीएम मशीन के साथ टेक्निकल छेड़छाड़ करके लाखों रुपए धोखाधड़ी से निकलने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान टेकचंद व अमित निवासी चांदनी थाना नूंह जिला मेवात के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों ने पूछताछ करने पर बतलाया कि जिस एटीएम कार्ड से एटीएम मशीन से धोखाधड़ी करके रुपए निकाले गए थे, वह एटीएम व बैंक खाता टेकचंद का था। टेकचंद ने इस धोखाधड़ी के लिए अपना बैंक खाता 5,000 रुपए में आरोपी अमित को बेच दिया था। वहीं आरोपी अमित ने आगे आरोपियों को यह बैंक खाता 10,000 रुपए में बेच दिया था। अभियोग में इससे पहले आरोपी आसिफ को गिरफ्तार किया जा चुका है वहीं पुलिस टीम के द्वारा अभियोग में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं जिन्हें जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। दोनों आरोपियों को पेश न्यायालय में किया गया।

# इग्नू ने हिंदी व ओडिया में एमबीए प्रोग्राम किया शुरू

**चरखी दादरी।** इग्नू ने अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत हिंदी और ओडिया भाषा में एमबीए कोर्स शुरू किया है। मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने के इच्छुक छात्र अब हिंदी और ओडिया भाषा में भी कोर्स कर सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने हिंदी और ओडिया भाषा में एमबीए कार्यक्रमों की शुरुआत कर दी है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इग्नू द्वारा इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा को सुलभ और समावेशी बनाने के लिए इग्नू ने इन कार्यक्रमों को शुरू किया।

यह पहल ई-कुंभ परियोजना के तहत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के साथ मिलकर की गई है। क्षेत्रीय भाषाओं में एमबीए कार्यक्रम पेश कर इग्नू ने पेशेवर शिक्षा को छात्रों के लिए सुलभ बनाया है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव मृत्युंजय बेहरा ने कहा कि ये पहल शैक्षिक समानता की दिशा में मील का पत्थर है। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा को सुलभ बनाने पर जोर दिया। उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव ने इसे शैक्षिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# सेवानिवृत्ति सक्रिय जीवन का अंत नहीं बल्कि नवशुरुआत : गुप्ता

■ कैश्य महाविद्यालय के क्लर्क बलजीत सिंह हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** सेवानिवृति पर शॉल ओढाकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृति सक्रिय जीवन का अंत नहीं बल्कि एक नव शुरुआत है।

वे हाल ही में सेवानिवृत हुए क्लर्क बलजीत सिंह के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में सभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि यह विदाई समारोह तो मात्र एक औपचारिकता है वास्तव में देखा जाए तो सेवानिवृत्ति एक स्थिति परिवर्तन है जिसके पश्चात व्यक्ति उन सभी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकता है जिन्हें वह अपने सेवा काल में नहीं कर पाता । विदाई समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधकारिणी समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा बलजीत को शाल ओढ़ाकर उन्हें उनके 10 वर्षीय कार्यकाल की ग्रेच्युटी एवं लीव एनकैशमेंट की राशि का चेक प्रदान किया गया। विद्यालय स्टाफ की तरफ से भी स्मृति स्वरूप एक सम्मान चिह्न प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर पवन कुमार बुवानीवाला, कोषाध्यक्ष विजयकिशन अग्रवाल, विद्यालय के कर्मचारी लाल जी पाठक, राजेश शर्मा , मीना खत्री, नरेश कुमार , मदन कौशिक ने उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की ।

# गांव औरंगनगर के कृष बिडू का जेईई एडवांस 2025 में चयन



**बवानीखेड़ा।** गांव औरंगनगर के कृष बिडू का ऑल इंडिया रेंक 1764 आने पर स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

गांव औरंगनगर के कृष बिडू का जेईइ एडवांस में ऑल इंडिया रेंक 1764 आने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पिता का सिर पर साया न होने और गरीबी से जूझकर सफलता हासिल करने पर जेजेपी नेता बलवंत औरंगनगर सहित समस्त ग्रामीणों ने छात्र की खुशी में शामिल होकर उसे आशीर्वाद किदया।

बलवंत औरंगनगर ने बताया कि उसे भतीजे कृष बिडू पुत्र स्वर्गीय सुनील ने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक जेईई एडवांस 2025 को पास कर लिया है और ऑल इडिया रैंक 1764 हासिल की है।

कृष बिडू ने बहुत कठिन परिस्थितियों में दिन-रात मेहनत करके यह सफलता हासिल की है। उसने ना सिर्फ अपने माता-पिता, बल्कि पूरे गांव और जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि सभी युवाओं को इनसे सबक लेना चाहिए।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं इच्छुक नागरिक: एडीसी

हरिभूमि न्यूज : चरखी दादरी

■ हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त होगी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बिजली के बिल को शून्य करने की दिशा में एक कारगर कदम है। जिला के ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना का लाभ उठाएं। इसके लिए विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने योजना की समीक्षा के उपरांत कहा कि योजना देशवासियों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

पात्र लाभार्थियों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें मुफ्त बिजली प्राप्त होगी। इच्छुक नागरिक पोर्टल पर जाकर इस योजना संबंधित आवश्यक जानकारियां ले सकता है। योजना के तहत सरकार की ओर से सब्सिडी एवं तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी। योजना के माध्यम से मुफ्त बिजली और आर्थिक बचत होगी। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त होगी, जिससे प्रति वर्ष लगभग 15 से 18 हजार रुपये की बचत होगी। साथ ही अतिरिक्त बिजली को बिजली वितरण कंपनियों को बेचकर परिवार आय भी अर्जित कर

# फर्जी हस्ताक्षर व आईडी लगा लोन लेने के तीन आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



पुलिस ने फर्जी आईडी व हस्ताक्षर कर लोन करवाकर गाड़ी खरीदने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि दिनांक 13 मार्च 2024 को समसपुर गांव निवासी नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके भाई नसीब के नाम से आइसीआइसीआई बैंक भिवानी से दादरी निवासी प्रदीप उर्फ मुड्डा ने बैंक मैनेजर और अन्य कर्मचारियों से मिलीभगत कर उसके भाई के झूठे हस्ताक्षर व फर्जी आईडी लगाकर लोन करवाकर कार खरीद ली, जिनकी उसका भाई नसीब 13 मार्च 2023 से भिवानी जेल मे बंद है। उसके भाई नसीब ने कोई वाहन नहीं खरीदा और ना ही किसी कागजात पर हस्ताक्षर किए। प्रदीप उर्फ मुड्डा ने फर्जी तरीके से लोन पास करवाया है।

प्रदीप उर्फ मुड्डा ने गाड़ी बलेनो के कागजात फाइल अमित बिरहीं कलां से तैयार करवा कर बैंक मैनेजर व कर्मचारियों के साथ मिलकर फर्जी तरीके से लोन पास गाड़ी खरीद ली । पुलिस ने आरोपी दादरी निवासी अमित फौगाट, भिवानी निवासी जगदीश उर्फ धीरज व अमित निवासी बिरही कलां को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन

# योग से पुनः भारत बनेगा विश्व गुरुः सुंदर अत्री

■ आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक व अशोक कुमार ने एएमओ डॉ विनोद सैनी के साथ मिलकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

हरियाणा योग आयोग आयुष विभाग हरियाणा के सानिघ्य में जिला प्रशासन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी आयुष विभाग के नेतृत्व में आज जिला भिवानी की समस्त नगर पालिकाओं में विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में बवानी खेड़ा नगर पालिका के प्रांगण में योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारी, पार्षद गण नगर पालिका अधिकारी के रूप में कर संग्रहक कपूर सिंह, कर्मपाल सिंह अकाउंट, सुनेहरा गुर्जर, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयुष




**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका में योग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

योग सहायक गजानंद कौशिक व अशोक कुमार ने एएमओ डॉ विनोद सैनी के साथ मिलकर सभी उपस्थित जन को योग प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया, योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया की नियमित योग करने से हम स्वस्थ रहने के साथ साथ स्वस्थ समाज का निर्माण भी कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका चेयरमैन सुंदर अत्री उपस्थित रहे। चेयरमैन अत्री ने आयुष विभाग का आभार प्रकट करते हुए कहा की इस प्रकार के आयोजन प्रत्येक सप्ताह सभी कर्मचारियों के लिए आयोजित करते रहना चाहिए उन्होंहे कहा हम नियमित योग के माध्यम से भारत को पुनरू विश्व गुरु बना सकते हैं जिस देश की सारी प्रजा स्वस्थ होगी तो निसंदेह उस देश को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

### ये रहे मौजूद

इस योग कार्यक्रम में सानिघ्य जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा, जिला योग समन्वयक डॉ संजय वैद, जिला योग विशेषज्ञा डॉ निशा, डॉ.मनोज भारद्वाज, डॉ. कविता का रहा।

# योगेश ने प्रेमनगर खेल परिसर में खिलाड़ियों को करवाया योग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को गांव प्रेमनगर स्थित खेल परिसर में जिला आर्युवेद अधिकारी डॉ. रश्मि के नेतृत्व में आयुष योग सहायक योगेश ने खिलाड़ियों को योगाभ्यास करवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा योग क्रियाओं के साथ-साथ जीवन में योग के महत्व को भी जाना।

इस मौके पर खिलाड़ियों को ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम और प्राणायाम जैसी महत्वपूर्ण योग क्रियाएं सिखाई गई। आयुष योग सहायक योगेश ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग ना केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक संतुलन, आत्म-नियंत्रण और सकारात्मक सोच को भी बढ़ाता है। आज के समय में युवाओं के लिए योग अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि योग ना केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक संतुलन और एकाग्रता को भी मजबूत करता है। खिलाडिय़ों के लिए योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से संतुलित, मजबूत और तैयार बनाती है।

## खबर संक्षेप

### स्पीड पर नियंत्रण न होने को रहे रोजाना एक्सीडेंट

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बिचला मार्ग पर वाहनों की स्पीड से आए दिन एक्सीडेंड हो रहे हैं। बुधवार को भी बवानी खेड़ा के प्रचलित वीके फोटो स्टेट के सामने दो कारों की टक्कर हो गई। हालांकि दोनों कारों में सवारियां मौजूद थी और अगले वाहन ने मोड व ब्रेकर की नजाकत को समझते हुए स्पीड जैसे कम की पीछे से तेज गति से कार ने पीछे से कार को टक्कर मार दी हालांकि दोनों गोड़ियों को नुकसान हो गया लेकिन अन्य क्षति नहीं हुई। मुख्य बाजार होने के कारण दर्जनों लोग एकत्रित हो गए और गाड़ी में बैठी सवारियों का हाल चाल पूछा। लोगों का कहना है कि बाईपास मार्ग का कार्य चल रहा है सभी वाहन अंदरूनी मार्ग पर आवागतन कर रहे हैं।

### एनीमिया पीड़ित को उपलब्ध करवाया रक्त

**भिवानी।** पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने मानवीय कर्तव्यों का उदाहरण पेश करते हुए अस्पताल में भर्ती एनीमिया पीड़ित मरीज के लिए आपात स्थिति में रक्त मुहैया करवाया। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने बताया कि मिनी बाईपास स्थित अस्पताल में एनीमिया से पीड़ित महिला मरीज को आपात स्थिति में रक्त की आवश्यकता पड़ी, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें सूचित किया। स्थिति को गंभीरता को देखते हुए उन्होंने रक्तदाता सुनील से संपर्क किया, जिसके बाद सुनील ने फ्रीडम ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण पेश किया।

## घुसकानी स्कूल में नृत्य, कला, संगीत प्रतियोगिताओं सहित अनेक गतिविधियों का आयोजन

# राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी के विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों के बारे में किया जागरूक

*सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक कर विद्यार्थियों को बनाया जा सकता सभ्य व सफल नागरिकः विनोद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मातृभाषा आधारित शिक्षा व बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में 2 से 8 जून तक भारतीय भाषा उत्सव मनाने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में चौथे दिन बुधवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया। इस मौके पर कला, नृत्य, संगीत प्रतियोगिताओं सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में हुआ तथा बतौर मुख्यतिथि मुकेश सांगवान पहुंचे तथा प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

मंच संचालन फासला ईको क्लब के नोडल अधिकारी विनोद पिंकू पीटीआई ने किया तथा निर्णायक मंडल की भूमिका नवीन ढांडा ने निभाई। विजेता प्रतिभागियों को लेखन सामग्री देकर सम्मानित किया। नोडल अधिकारी विनोद पिंकू ने बताया कि भारतीय भाषा उत्सव के तहत 2 से 8 जून तक 28 घंटे तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों में भाषाई विविधता के प्रति सम्मान, जागरूकता और एकता की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण, दहेज प्रथा व नशा जैसी सामाजिक बुराईयों के खिलाफ जागरूक किया और योग कक्षाएं भी लगाई।






**भिवानी।** पेंटिंग प्रतियोगिता के बाद पेंटिंग दिखाते विद्यार्थी व साथ में शिक्षक व हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं।

### कला प्रतियोगिता में अनुष्का प्रथम

पिंकू ने बताया कि नृत्य प्रतियोगिता में यानी सी उमर म बहियों न इन बेटियों न खूब पढ़ाइयों र, हरियाणा तो बदल गया के गाने पर अपनी प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों ने सामाजिक संदेश दिए। नोडल अधिकारी विनोद पिंकू ने बताया कि कला प्रतियोगिता में अनुष्का प्रथम व खुशबू द्वितीय, नृत्य में अनुष्का व प्रिया की टीम प्रथम, मीनू व खुशबू की टीम द्वितीय, संगीत में हीना प्रथम, विनती एवं किरण द्वितीय स्थान पर रही। पिंकू ने कहा कि युवाओं को सभ्य, सफल व जागरूक नागरिक बनाने के लिए सिर्फ किताबी ज्ञान जरूरी नहीं है, किताबी ज्ञान के साथ-साथ उन्हें अन्य गतिविधियों से भी जोड़ना जरूरी हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे अपने परिजनों व अन्य लोगों को भी जागरूक कर सामाजिक बुराईयों का अंत करने में अपनी भूमिका निभा सकें। पिंकू ने बताया कि पांच जून को चौथे दिन व्यंजन प्रजातियों, फलों व सब्जियों के नाम के बारे में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## विद्यार्थियों ने कला, संगीत, नृत्य एवं पेंटिंग में दिखाई प्रतिभा

- तनाव कम कर हमारी रचनात्मकता को बढ़ाते कला संगीत, नृत्य एवं पेंटिंग : रमेश

**भिवानी।** गांव बजीणा स्थित पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव-2025-26 के तीसरे दिन प्राचार्य अनुप सिंह पुनिया के मार्गदर्शन में कला संगीत, नृत्य एवं पेंटिंग पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यार्थियों को समर कैंप के दौरान संबोधित करते हुए प्रवक्ता रमेश कुमार रोहिल्ला ने बताया कि संगीत मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, ये हमें खुशी, शांति व आनंद प्रदान करता है तथा तनाव कम कर हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि संगीत सुनना या बजाना मस्तिष्क के लिए अच्छी कसरत है और ये एकाग्रता में सुधार करता है। उन्होंने कहा कि नृत्य मन, शरीर और आत्मा का व्यायाम करता है। हमें अपने मन, शरीर और आत्मा को केंद्रित करने में मदद करता है। यही कारण है कि नृतक आमतौर पर आलोचनात्मक सोच में भी महान होते है। उनके पास आलोचनात्मक सोच जैसी चीजों से निपटने के लिए अपने मन पर नियंत्रण होता है। रोहिल्ला ने कहा कि कला वास्तव में दुनिया के लिए उपहार है, कला हमारे जीवन को अर्थ देती है और हमारी दुनिया को समझने में मदद करती है। कार्यक्रम के दौरान सीमा बरार, सरला देवी व रीचा ने कला, संगीत, नृत्य व पेंटिंग की अनेक गतिविधियां करवाई। इस अवसर पर अजय, प्रिंस सहित समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।



## शिव-पार्वती के विवाह कथा सुनाई

- पारिवारिक दायित्वों की प्रतीक है शिव-पार्वती विवाह की कथा : श्रीपाल दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

युवा जागृति एवं एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर में महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा करवाई जा रही हैं। कथा के तीसरे दिन कथा व्यास श्रीपाल दास महाराज ने भगवान शिव-पार्वती की कथा का वर्णन किया तथा विवाह की मर्यादाएं एवं दायित्व पर प्रकाश डाला।

पुजारी ध्यानदास महाराज ने बताया कि इस दौरान भारी तादात में श्रद्धालु मौजूद रहे तथा कथा का रसपान किया। कथा स्थल भजनों, संगीत और श्रद्धालुजनों की भावविभोर उपस्थिति से गूंज उठा।

कथा व्यास श्रीपाल दास ने माता सती के आत्म त्याग से लेकर पुनर्जन्म में पार्वती के रूप में जन्म, कठोर तपस्या और अंततः भगवान शिव से विवाह तक की कथा विस्तारपूर्वक सुनाई। उन्होंने बताया कि ये कथा केवल दिव्य प्रेमकहानी नहीं है, बल्कि ये विवाह की मर्यादा, समर्पण, धैर्य व पारिवारिक दायित्वों की सशक्त प्रतीक है। शिव-पार्वती विवाह हमें सिखाता है कि समझ, सम्मान और धैर्य के साथ निभाया गया संबंध ही वास्तविक सुख का आधार बनता है।



**भिवानी।** श्रीमद्भागवत गीता का पूजन करते महंत चरणदास महाराज व अन्य।

## आज का समय कौशल विकास तकनीकी रूप से दक्ष बनें: एडीसी



**भिवानी।** रोजगार विभाग व आईटीआई ने संयुक्त रूप से आईटीआई भिवानी में रोजगार मेले का आयोजन किया। इस रोजगार मेले में अतिरिक्त उपायुक्त डा. मुनीष नागपाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रोजगार मेले में युवाओं को संबोधित करते हुए एडीसी ने कहा कि आज का समय कौशल विकास का है। युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष होना चाहिए। आईटीआई के माध्यम से अनेक तकनीकी कोर्स युवा कर सकते हैं। ये कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं। अनेक ऐसी कंपनियां हैं, जो रोजगार मेलों में आकर तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को रोजगार प्रदान करती हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। एक बार हमें कोई कार्य छोटा लग सकता है, लेकिन उसको मन लगाकर करना चाहिए।

## हलवे और चने का प्रसाद बांटा

- लघु सचिवालय में ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की महेश नवमी पर किया प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की महेश नवमी के उपलक्ष्य में हरियाणा पटवारी एवं कानूनगो संघ के उपप्रधान पटवारी विकास राठी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कर्मचारी सुन्दर सिंह व मुकेश मलिक ने प्रसाद लगाया। इस दौरान उपायुक्त महावीर कौशिक और हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन बिजेन्द्र बड़गुज्जर सहित लघु सचिवालय परिसर में आने वाले सैंकड़ों नागरिकों को शीतल जल, हलवा एवं चने का प्रसाद वितरित किया। उल्लेखनीय है कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की महेश नवमी का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा की जाती है। इसी कड़ी में बुधवार को लघु सचिवालय परिसर में प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। लघु सचिवालय में सुबह 10 बजे शीतल जल एवं हलवा चने का प्रसाद वितरण शुरू हुआ, जो सांय तीन बजे तक चला। इस मौके पर उपायुक्त महाबीर कौशिक ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को पानी पिलाना व प्रसाद वितरण करना पुण्य का कार्य है, ऐसे कार्य में सभी को भागीदारी करनी चाहिए। प्रसाद वितरण में कैंटीन संचालक कृष्ण बूरा, प्रशिक्षु पटवारी अशोक, इन्द्र, दीपक, हर्ष मान, संजीव, अजय, पटवारी राकेश, हरकेश पटवारी, परमिल पटवारी आदि ने सहयोग किया।



**भिवानी।** लघु सचिवालय परिसर में प्रसाद वितरित करते पटवारी विकास राठी, सुंदर सिंह व मुकेश मलिक।

## पेयजल समस्या से क्षेत्रवासी परेशान

- अनुसूचित जाति आयोग ने डॉ. आंबेडकर व न्यू आंबेडकर व वाल्मीकि कॉलोनी में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहर के दादरी गेट क्षेत्र में डॉ. आंबेडकर कॉलोनी, न्यू आंबेडकर कॉलोनी व वाल्मीकि कॉलोनी के निवासियों को पीने के पानी के लिए आए दिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसको लेकर अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन बिजेंद्र बड़गुज्जर ने क्षेत्रवासियों से मिलकर जल्द सामाधान का आश्वासन दिया। बड़गुज्जर ने कहा की आयोग अनुसूचित जाति समाज की मूलभूत समस्याओं को लेकर गम्भीर है। अनुसूचित जाति समाज को कोई दिक्कतें न आए इसलिए वे स्वयं ऐसे क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्यायों से अवगत हो रहे हैं।

इसी संदर्भ में डॉ. आंबेडकर कॉलोनी स्थित गुरू रविदास धर्मशाला में स्थानीय लोगों से मुलाकात की। प्रोफेसर अश्विनी संभ्रवाल ने कहा कि मुलभूत सुविधाएं लेना सबका अधिकार है, सरकार को गरीब समाज की समस्यायों को दूर करने के लिए सबसे पहले कदम बढ़ाना होगा। अनुसूचित जाति समाज इस पर गम्भीरता से काम भी कर रहा है। वहीं स्थानीय निवासियों ने मांग पत्र आयोग के वाईस चेयरमैन को सौंपा, जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र में पीने के पानी, मुख्य मार्ग की खस्ताहालात, कालोनी को ढाणा रोड पर रास्ता देने, टुटे बिजली के खम्भों को जल्द ठीक करवाने की मांग की गई।



**भिवानी।** अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी।

### अवैध कब्जे

क्षेत्रवासी राजू मेहरा, कर्ण सिंह, पंजाब सिंह, ताराचंद, रोहताश दहिया, मुंशीराम, रत्न मिस्री, मनीराम प्रजापति, बिशम्भर दयाल, पवन डेहनीवाल, एडवोकेट सुरेश मेहरा, पवन डेहनीवाल ने बताया कि क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जे कर रखे हैं। कॉलोनी का ढाणा रोड का रस्ता बंद कर दिया गया। वहीं मुख्य मार्ग टूटा हुआ है। आयोग के वाइस चेयरमैन बिजेंद्र बड़गुज्जर ने अधिकारियों से मिलकर समस्याओ के सामाधान की बात कही। कॉलोनी का ढाणा रोड का रस्ता बंद कर दिया गया। वहीं मुख्य मार्ग टूटा हुआ है। आयोग के वाइस चेयरमैन बिजेंद्र बड़गुज्जर ने अधिकारियों से मिलकर समस्याओ के सामाधान की बात कही।

## नशा छोड़ो संकल्प यात्रा को किया रवाना

- यात्रा को मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कोंट रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर से नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने नशा छोड़ो संकल्प यात्रा को रवाना किया। यात्रा को मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा हरियाणा के प्रत्येक जिले से गुजरते हुए गुरू गोरख टीला धाम पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य समाज में नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाना है।

इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक उर्मिला सैनी ने यात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा कि नशा हमारे समाज के लिए गंभीर खतरा है, विशेषकर युवाओं के लिए, जो अपने मार्ग से भटक कर गलत दिशा में कदम बढ़ा लेते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें संगठित होकर नशे जैसी बुराई के खिलाफ लड़ना होगा और समाज को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि नशा धीमा जहर है, जो युवाओं का भविष्य, पारिवारिक सुख-शांति और समाज की नैतिकता को निगल रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस बुराई से स्वयं भी बचें और दूसरों को भी जागरूक करें। संस्था के योगाचार्य बिजेश जावला व पार्षद विनोद प्रजापति ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा तीनों को कमजोर करता है।




**भिवानी।** नशा छोड़ो संकल्प यात्रा को रवाना करते नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### दूर रहने को प्रेरित करें

उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी तोड़ता है। हमें मिलकर अपने बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर रूककर लोगों को नशामुक्ति का संदेश देगी। इस दौरान जनजागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे और लोगों को संकल्प दिलवाया जाएगा कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा करने से रोकेंगे।

## सत्संग एवं संकीर्तन का महत्व बताया

- कलियुग में सबसे सरल व प्रभावशाली साधना है नाम संकीर्तन : स्वामी कृष्णानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

श्रीश्री 1008 स्वामी भास्करानंद परमहंस की पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में सद्गुरूदेव महाराज के आर्शीवाद तथा स्वामी कृष्णानंद महाराज के सान्निध्य में आयोजित साप्ताहिक 30वां वार्षिक महोत्सव के 5वें दिन प्रातः रूद्र महायरू एवं सांय नाम संकीर्तन का आयोजन किया। इस दौरान स्वामी मदनमोहन अलंकार ने श्रद्धालुओं को सत्संग एवं नाम संकीर्तन का महत्व बताया।

प्रातः रूद्र महायज्ञ में अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। यज्ञ के समापन के पश्चात सांय को सत्संग एवं नाम संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महायज्ञ में आहुतियों के बीच वेद-मंत्रों की दिव्य ध्वनि से वातावरण आध्यात्मिकता से परिपूर्ण हो गया। स्वामी मदनमोहन अलंकार ने कहा कि सत्संग वह पवित्र संगति है, जहां आत्मा को परमात्मा की स्मृति प्राप्त होती है, ये मन को शुद्ध करता है और आत्मज्ञान की ओर ले जाता है। स्वामी कृष्णानंद ने कहा कि कलियुग में नाम संकीर्तन सबसे सरल और प्रभावशाली साधना है। संगीतमय संकीर्तन जब नाम की महिमा का प्रचार करता है।



**भिवानी।** तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में सत्संग में प्रवचन देते स्वामी कृष्णानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

**बैठक** किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर जनआंदोलन करेगी किसान सभाः कामरेड

# शहरों और गांवों में पेयजल नहीं नहरी पानी मिलना हुआ दुर्लभ

*बीमा कंपनी के भ्रष्टाचार, बिजली टावरों का मुआवजा व खाद-पानी को लेकर होगा आंदोलनः जगरोशन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा की जिला कमेटी की बैठक बुधवार को शहीद भगतसिंह यादगार भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने की। किसान सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने बताया कि फसल बीमा कंपनी क्षेमा ने खरीफ फसल-2023 में भिवानी जिले में 200 करोड़ व दादरी जिले में 150 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। घोटाले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाने, दोषियों को सजा दिलवाने व किसानों को उनका वाजिब 350 करोड़ रुपये का भुगतान करवाने को लोहारू केंद्र बनाकर जून-जुलाई में सभा आंदोलन करेगी।



**भिवानी।** किसान सभा की जिला कमेटी की बैठक को संबोधित करते जिला प्रधान रामफल देशवाल। फोटो : हरिभूमि

### ट्यूबवेल कनेक्शन जारी नहीं हो रहे

उन्होंने कहा कि जिला में विशेषकर लोहारू, बहल व सिवानी से बिजली के बड़े टावर सरकारें प्राइवेट कंपनियों के लिए निकलवा रही है और किसानों को न्यायोचित मुआवजा नहीं दे रहे है। उन्होंने कहा कि न्यायोचित मुआवजे के लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा, यहीं आंदोलन तेल पाइप लाइन के लिए भी होगा। बैठक में सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि शहरों के अलावा गांव में भी पीने का पानी नहीं है, नहरी पानी मिलना तो दुर्लभ हो गया, डीएपी खाद की भारी कमी है, नकली खाद-बीज पर सरकार रोक नहीं लगा पा रही है, बकाया पड़े ट्यूबवैल कनेक्शन जारी नहीं हो रहे है। इन सभी मुद्दों को लेकर किसान सभा संघर्ष करेगी। सभा के राज्य सचिव सुमित दलाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों लामकारी मूल्यों, नया मंडी कानून प्रारूप, बिजली निजिकरण जैसे मुद्दों पर लड़ाई लड़ी जाएगी। बैठक में तोशाम ब्लाक से कर्णसिंह जैनावास, रणधीर सांगवान, सिवानी से मास्टर उमराव सिंह, अंतर कस्वां, बहल से सुबेदार धनपत सिंह आदि मौजूद रहे।

# 1995 की बाढ़ के बाद शुरू किया पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान, लगा चुके 7000 पौधे

**खास बातें**

- हर घर हरियाली थीम के साथ वर्ष 2025 में 2025 पौधें लगाने का रखा लक्ष्य, कर रहे जागरूक
- विवाह मंडल में 1300 वर-वधु को पौधा भेंट कर दिलवाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प
- एक पेड़ मां के नाम व एक बेटी एक पेड़ मिशन 2025 को लेकर चल रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

तीस वर्ष पहले 4 सितंबर 1995 को आई बाढ़ से पेड़ पौधों को भारी क्षति पहुंची थी, जिससे आहत होकर वर्ष 1996 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति समिति के बैनर तले पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरूआत की थी। समिति के अध्यक्ष राष्ट्रपति अवार्डी एवं पर्यावरण प्रेमी अशोक कुमार भारद्वाज ने वर्ष 1996 से वर्ष 2025 तक करीब 7000 पौधें लगा चुके हैं। समिति ने वर्ष 2025 में हर घर हरियाली थीम के साथ 2025 पौधें लगाने का रखा लक्ष्य हैं, जिसके लिए वे जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वे पर्यावरण संरक्षण को लेकर नुक्कड़ नाटक, साइकिल रैली, मोटरसाइकिल रैली, जागरूकता रथ चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समिति के द्वारा विवाह मंडल में लगभग 1300 वर-वधु को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलवाया हैं।

उल्लेखनीय हैं कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने धरा को हरी-भरी बनाने के उद्देश्य को लेकर करीब 30 वर्षों से अलग-अलग थीम के तहत पौधरोपण व पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता का अलख जगा रहे हैं। भारद्वाज ने विश्व पर्यावरण दिवस की अलख को लेकर हर घर हरियाली पौधा थीम के साथ वर्ष 2025 में 2025 पौधें लगवाने का संकल्प लिया है। भारद्वाज ने राजस्थान में भी पौधरोपण और जल संरक्षण की अलख जगाई जाती है। भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने स्वर्गीय पिता रघुबीर सिंह भारद्वाज से प्रेरणा लेकर हरियाणा व राजस्थान में पौधरोपण को लेकर अलख जगाने शुरू की थी। उन्होंने कहा कि शिक्षण, धार्मिक, सामाजिक, धर्मशाला, मुख्य मार्ग, शमशान घाट, मंदिर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्क, कोर्ट कचहरी, गांव व शहर की फिरनी जैसे सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाएगा। प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों और नेताओं से भी पौधरोपण करवाया जाता है।





भिवानी। लोगों को पौधें भेंट करते, पौधरोपण करते राष्ट्रपति अवार्डी एवं पर्यावरण प्रेमी अशोक भारद्वाज तथा पौधरोपण करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ व उनकी पत्नी प्रेमलता सर्राफ, साथ में राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

## वर्ष 1996 से अब तक चला चुके अनेक अभियान

भारद्वाज ने बताया कि समिति के द्वारा मझे मत काटो, खेत का पानी खेत में, जल जंगल व जमीन श्लोग्न से पर्यावरण संरक्षरण के लिए जागरूकता अभियान चलाए। वर्ष 2009 में शहीद वाटिका कार्यक्रम के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया। वर्ष 2013 में एक बेटी एक पेड़ मिशन, वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान त्रिवेणी लगाओ ऑक्सीजन पार्क बनाओ अभियान चलाया। वर्ष 2024 में हर आंगन पौधरोपण व वर्ष 2025 में हर घर हरियाली थीम से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। समिति के माध्यम से अब तक लगभग 7000 पौधें लगाए जा चुके हैं।

## 1000 पौधें भिवानी के नए बस स्टैंड पर लगाएं

उन्होंने भिवानी के नए बस स्टैंड पर 1000 पौधें लगाएं व सैंकड़ों पौधें हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में लगाए हैं। समिति के द्वारा चलाए गए अभियानों की शुरू विधायक घनश्यामदास सर्राफ, सांसद धर्मबीर सिंह, महंत वेदनाथ, श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी सहित अनेक राजनेताओं व साधु संतों से कर चुके हैं। समिति के द्वारा चौधरी बंसीलाल पार्क,नेहरू पार्क, कृष्णा कॉलोनी पार्क,हुड्डा पार्क, भीम स्टेडियम, नेहरू युवा केंद्र, लघु सचिवालय ,कल्पना चावला पार्क,ओल्ड व न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी,पुलिस विभाग के चौकी व थाने सहित अनेक स्थानों पर वे अब तक 500 के करीब पौधों का रोपण कर चुके हैं। जिलेभर में शिक्षण संस्थाओं में अभियान चलाकर 2000 पौधों का रोपण कर चुके हैं। उन्होंने जो पौधें लगाए उनमें से 70 प्रतिशत पौधें आज भी जीवित हैं तथा 30 प्रतिशत पौधें बीमारी, गर्मी और सर्दी से खत्म हो चुके हैं।

**खबर संक्षेप**

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहें : एसडीएम

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर समाज के प्रबुद्ध नागरिकों का आह्वान किया है कि वे जल बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें और जल का संरक्षण करें, पानी को व्यर्थ में बर्बाद ना करें। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण से ही हम स्वस्थ जीवन की कामना कर सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग होने की जरूरत है। पांच जून को पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेनी चाहिए। लोगों को चाहिए कि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने की बजाए उनका संरक्षण करें।

## युवाओं को मिलेगी होम-स्टे की निःशुल्क ट्रेनिंग

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की घोषणा के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए एक नई पहल शुरू की गई है, जिसके तहत उन्हें होम-स्टे की निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने घरों के कमरों को गेस्ट हाउस के रूप में किराए पर देकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने में सक्षम बनाना है। योजना को युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा सरकार के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

## सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**भिवानी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के निर्देशानुसार सीजेएम कम प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सेफ हाउस में रह रहे युगल जोड़ों की स्थिति और उनके लिए उपलब्ध सेवाओं का मूल्यांकन करना था। प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार ने निरीक्षण के दौरान सेफ हाउस की साफ-सफाई, रहन-सहन, पीने के पानी की व्यवस्था और भोजनालय की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने देखा कि सेफ हाउस में बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है।

## दूषित पानी की सप्लाई के विरोध में महिलाओं ने कार्यकारी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

# स्वच्छ पेयजल की सप्लाई नहीं की तो कार्यालय के बाहर फोड़ेंगे मटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

स्वच्छ पेयजल की मांग को लेकर आजाद नगर व आसपास की महिलाओं ने पब्लिक हेल्थ विभाग के कार्यकारी अभियंता के कार्यालय के बाहर जमकर बवाल काटा। महिलाओं ने अधिकारी की मेज पर दूषित पानी से भरी बोत्तल रखी और अधिकारी के साथ तू तड़ाक भी हुई। अधिकारी ने स्वच्छ पेयजल सप्लाई जल्द दिलाए जाने का आश्वासन दिया। तब जाकर महिलाएं शांत हुई। महिलाओं ने चेतावनी दी अगर जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे पब्लिक हेल्थ कार्यालय के बाहर पहुंचकर मटकें फोड़ेंगी।

बुधवार को आजाद नगर व आसपास इलाके की अनेक महिलाएं पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर पहुंची। महिलाओं ने कार्यकारी अभियंता की टेबल पर सप्लाई के दूषित पानी की बोत्तल रख दी। महिलाओं ने बताया कि उनके इलाके में सुबह के वक्त इसी तरह के पानी की सप्लाई पहुंच रही है। इस पानी को न तो पिया जा सकता और ही किसी अन्य कार्य में प्रयोग किया जा सकता। उनको मजबूरन नालियों में पानी बहाना पड़ रहा है। हालांकि पानी की सप्लाई नियमित पहुंच रही है,लेकिन जो पानी उनके घरों में पहुंच रहा है। वह पीने के लायक नहीं है। पानी में सड़ांध होने की वजह से नालियों में बहाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस बारे में कई बार शिकायत की,लेकिन उसका समाधान नहीं हो पाया है। जिसके चलते उनको दूर दराज के इलाकों में लगे हैंडपैम्पों से पानी लाना पड़ रहा है। इसी तरह पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे है। उनको पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है।

**फोन नहीं उठाते अधिकारी**

महिलाओं ने बताया कि वे कनिष्ठ अभियंता व अन्य अधिकारियों से शिकायत करने के लिए फोन करते है तो वे फोन नहीं उठाते। कई बार फोन उठाकर उनकी समस्या नहीं सुनते। महिलाओं ने बताया कि वे किस अधिकारी को अपनी समस्या सुनाए। महिलाओं ने अधिकारी से कहा कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उनके कार्यालय में दोबारा पहुंचकर मटकें फोड़ेंगी। उसके बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ तो वे धरने पर बैठने को मजबूर होंगी।



भिवानी। सप्लाई का गंदा पानी लेकर कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में पहुंची महिलाएं।




भिवानी। आश्वासन देते अधिकारी तथा मामले की मूल समस्या पर चर्चा करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### कहीं न कहीं स्टाफ गफलत कर रहा:धर्मबीर सिंह

बाद में महिलाएं सांसद धर्मबीर सिंह के आवास पर पहुंची और मामले की जानकारी दी। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने बताया कि कहीं न कहीं पब्लिक हेल्थ का स्टाफ गफलत कर रहा है। जानबूझकर कर रहा है और कोई कारण है। मैने भी एक दिन उनकी मीटिंग बुलाकर उनसे यह पूछा था कि सात दिन पानी के बिना रह सकते हो। आजाद नगर, घोड़ा फार्म इलाके की महिलाएं आई थी। वहां पर चार माह से पीने के पानी की समस्या है।



बवानीखेड़ा। बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में भारतीय भाषा समर कैंप के तृतीय दिवस के आयोजन का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बीकेवमा. विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप में कार्यक्रम आयोजित

- प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने किया कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में भारतीय भाषा समर कैंप के तृतीय दिवस के आयोजन का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने किया। भारतीय भाषा समर कैंप की गतिविधियों के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में क्षेत्रीय भाषाओं तथा तकनीक के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता, भाषा का गौरवान्वित इतिहास, व्याकरण संबंधी ज्ञान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला विविधता प्रोत्साहन के उद्देश्य से किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम की साप्ताहिक योजना पूर्व निश्चित की जा चुकी है। जिसमें तृतीय दिवस की गतिविधि में दृ कला-संगीत, नृत्य चित्रकला आदि सिखाया गया। नृत्य शिक्षिका दीपशिखा के द्वारा विद्यार्थियों को नृत्य सिखाया गया। जिसके -मराठी में- नीला है, मैं तीनों लोकों का सुंदर जल हूँ ये एक वादे की रोशनी है, मणिपुरी में - मना हीता मीर हो, नीरा गोई गवा,पंजाबी गिद्दा, डांडिया आदि बोल रहे। तृतीय दिवस की गतिविधि में नृत्य से संबंधित भाषा का अनुवाद करके समझाया गया। इस कैंप का आयोजन 48 घंटों के लिए किया गया है। जिसमें बी. के. विद्यालय के सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को विभिन्न कलाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि हमें विभिन्न भाषी होना चाहिए, जिससे, विभिन्न क्षेत्रों की भाषा का ज्ञान प्राप्त कर सके। इस अवसर पर वरिष्ठ विभाग को-ऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक, प्रोमिला वर्मा, मीनू वालिया, रीना जाखड़, दीपशिखा आदि मौजूद रहे।

## योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में 2 जून से 4 जून तक आयोजित योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस तीन दिवसीय शिविर में खेल प्रशिक्षक नसीब बूरा द्वारा विद्यार्थियों को नियमित रूप से प्राणायाम, विभिन्न योगासन एवं योगाभ्यास करवाया गया।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम वन अर्थ, वन हेल्थ रखी गई है, जो पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करती है। समापन अवसर पर विद्यालय के निदेशक साहिल यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि,/"योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं आंतरिक शांति भी प्रदान करता है। योग आज के तनावपूर्ण जीवन में संतुलन बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण साधन है। विद्यालय परिवार ने इस प्रशिक्षण शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी प्रतिभागियों, आयोजकों तथा विशेष रूप से प्रशिक्षक नसीब बूरा का आभार व्यक्त किया।




## नहरों में रसायन युक्त पानी पर लिया मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान

कोर्ट ने अगली सुनवाई 27 अगस्त तक मांगा जवाब

- अधिवक्ता संजीव तक्षक के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम को शिकायत दी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी जिले में लोहारू फीडर व बधवाना माइनर जैसी प्रमुख नहरों में रसायन युक्त पानी निकासी की गंभीर समस्या पर अब मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने नगर आयुक्त को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई से पहले रिपोर्ट मांगी है। ज्ञात रहे कि अधिवक्ता संजीव तक्षक के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम को शिकायत दी थी, जिस पर मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। अधिवक्ताओं ने बताया कि किसान अपनी फसलों में जहरीली दवाईयां का छिड़काव करता है, अधिक बारिश होने के बाद खेतों में जलभराव की स्थिति बनने पर उसी पानी को उठाकर नहरों में डाला जाता है।

उन्होंने कहा कि शहर के सीवरों का पानी भी पाइप के माध्यम से नहरों में डाल दिया जाता है। नहरें शहर व दर्जनों गांवों की पेयजल आपूर्ति की जीवनरेखा हैं। जनस्वास्थ्य विभाग इन्हीं नहरों से जलघरों से पानी की आपूर्ति करता है, लेकिन नहरों में गंदा पानी डालने से पानी में रसायन, जहरीली दवाइयों के अंश, साबुन-सर्फ, और अन्य दूषित पदार्थ मिल जाते हैं, ये पानी न केवल पीने के लिए बल्कि दैनिक कार्यों जैसे नहाने, कपड़े धोने और पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी उपयोग होता है। इसके परिणामस्वरूप कैंसर, त्वचा रोग, दमा, और टीबी जैसी घातक जानलेवा बीमारियां तेजी से फैल रही हैं जो धीरे-धीरे इंसान और जीवों के लिए मौत का कारण बन रही है। शिकायत में ये भी लिखा था कि जल, सिंचाई व बिजली विभाग की लापरवाही के चलते नहरों में गंदा और जहरीला पानी डाला जा रहा है। अधिवक्ताओं ने बताया कि समस्या विनाशकारी सिद्ध होगी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को नोटिस जारी किया है।

आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिकायतकर्ता मोहित की शिकायत पर संज्ञान लेते दादरी उपायुक्त से रिपोर्ट मांगी है। यह रिपोर्ट आगामी सुनवाई से एक सप्ताह यानी 27 अगस्त से पहले आयोग को भेजनी अनिवार्य है।


### ललित कुमार व आनंद देखेंगे विधायक के कार्य

भिवानी। विधायक घनश्याम सर्राफ का पीए का कार्य ललित कुमार व आनंद देंखेंगे। यह जानकारी विधायक के कार्यालय प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि आज से ही दोनों पीए का कार्य संभाल लेंगे। अब से पहले यह कार्य सत्यनारायण व पारस डालमिया देखते रहे है। इन दोनों को इस पद से मुक्त कर दिया है। यह बदलाव रूटीन का बदलाव है। उन्होंने बताया कि जिले का चहुंमुखी विकास हुआ है। विधायक घनश्याम सर्राफ शहर व ग्रामीण इलाकों के विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवा रहे है। भिवानी हलका ही नहीं पूरे जिले में विकास कार्य पूरी गति के साथ हो रहे है।

### रिसोर्स पर्सन के माध्यम से युवाओं को किया जाए नशे से दूर रहने के प्रति जागरूकः डीसी

भिवानी। डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। इसके लिए विशेष कर शिक्षण संस्थानों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देना जरूरी है। डीसी श्री कौशिक बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस रूम में अधिकारियों को जरूर निर्देश दे रहे थे। इस दौरान तोशाम से एसडीएम अश्वीर नैन , लोहारू से एसडीएम मनोज दलाल और सिवानी से एसडीएम विजया मलिक और संबंधित उपमंडल के पुलिस अधिकारी भी वीसी के माध्यम से जुड़े। वीसी में पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह भी मौजूद रहे। डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग से शिक्षकों को रिसोर्स पर्सन के रूप में तैयार किया गया है, जिनको विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

## एसडीएम डॉ. नैन ने ड्रेन का निरीक्षण कर सफाई कार्यों का जायजा लिया



**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने बुधवार को कस्बे के गन्दे पानी की निकासी बेहतर हो इसके लिए ड्रैन की साफ सफाई का जायजा लिया। उन्होंने ड्रेन का बारिकी से निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था को देखकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. नैन ने तोशाम बवानी खेडा रोड़ पर ड्रेन की जा रही सफाई कार्य का मनरेगा के तहत महिला मजदूरों द्वारा सफाई करवाया जाना मिला। इस दौरान उन्होंने महिला मजदूरों से बात की और उनको दी जाने वाली दिहाड़ी के बारे में भी पूछा। एसडीएम डॉ अशवीर सिंह नैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से सफाई व्यवस्था का जायजा लें। सफाई कार्य में किसी भी प्रकार के कमी नहीं होनी चाहिए। बता दें कि मानसून के मद्देनजर बरसाती पानी की निर्बाध रूप से निकासी को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ड्रेनों और नालों की सफाई के निर्देश दिए गए थे।

## विद्यार्थियों ने कुलसचिव को सौंपा मांगपत्र


# सीबीएलयू में कैंटीन शुरू करवाने की मांग तेज

**खास बातें**

- कैंटीन न होने पर बाहर से मंहगा एवं निम्न क्वालिटी का भोजन लेने को मजबूर विद्यार्थी : छात्र नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में पिछले लंबे समय से बंद पड़ी कैंटीन को शुरू करवाने की मांग को लेकर छात्र नेता भोलू धनाना, चिंटू, अमित क्लासिक व जयदीप ग्रेवाल ने बुधवार को सीबीएलयू की कुलसचिव भावना शर्मा को मांगपत्र सौंपा तथा जल्द से जल्द कैंटीन की सुविधा बहाल करवाने की मांग की। मांगपत्र सौंपते हुए छात्र नेता भोलू, चिंटू, अमित व जयदीप ने कहा कि विश्वविद्यालय में पिछले काफी दिनों से कैंटीन बंद है। विवि में अब सत्र 2025-26 के लिए दाखिल भी शुरू हो गए है, लेकिन कैंटीन सुविधा न होने के कारण विद्यार्थियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में दिनभर कक्षाएं चलती हैं, लेकिन खान-पान की कोई सुविधाजनक व्यवस्था न होने से विद्यार्थियों को बाहर से मंहगा और अस्वस्थकर भोजन लेने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कैंटीन की सुविधा न केवल भोजन उपलब्ध करवाएगी, बल्कि विद्यार्थियों के लिए सामूहिक संवाद व विश्राम का स्थान भी होगी। उन्होंने अनुरोध किया कि कैंटीन में स्वच्छता, गुणवत्ता व रियायती दरों का विशेष ध्यान रखा जाए। कुलसचिव ने छात्रों की मांग को गंभीरता से सुना और उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सीबीएलयू प्रशासन जल्द ही इस मामले पर निर्णय लेकर आवश्यक कदम उठाएगा। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगामी दिनों में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।




भिवानी। कैंटीन चालू करवाने की मांग को लेकर सीबीएलयू कुलसचिव को मांगपत्र सौंपते छात्र नेता। फोटो : हरिभूमि

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612